**दीनदयाल उपाध्याय**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय**
**गोरखपुर–273009**

(Accredited A++ by NAAC)

**Deen Dayal Upadhyaya**
**Gorakhpur University,**
**Gorakhpur-273009**

पत्रांक : सम्बद्धता / 2025 / 06 / 6742

दिनांक : 06 / 06 / 2025.

महत्वपूर्ण / आवश्यक

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक,
समस्त महाविद्यालय।
(सम्बद्ध– दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर)।

**विषयः 'अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस' (दिनांक 21.06.2025) पर प्रातः 7:00 बजे "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम सम्पन्न कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या–ई–3458 / 32–जीएस / 2025 दिनांक 27.05.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से **'अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस' (21.06.2025) पर प्रातः 7:00 बजे "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम सम्पन्न कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के संबंध में निर्देश दिया गया है।**

**उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21.06.2025 को प्रातः 7:00 बजे सम्बद्ध महाविद्यालयों में "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। योग कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीयो टैग फोटोग्राफ एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो पेन ड्राइब पर तथा कार्यक्रम के संबंध में आख्या व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या भौतिक रूप से दिनांक 24.06.2025 तक राज्यपाल सचिवालय को प्रेषित करना है।**

**अतः आपसे अनुरोध है कि राज्यपाल सचिवालय उ0प्र0 द्वारा अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21.06. 2025 पर प्रातः 7:00 बजे "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम करने हेतु महाविद्यालय स्तर पर छात्र–छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा अन्य सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को प्रोस्तसाहित करने का कष्ट करें। साथ ही यह भी सूचित करना है कि उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में सूचना विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने हेतु गूगल फार्म का लिंक एवं ईमेल आई0डी0 की सूचना पृथक रूप से आपको प्रेषित कर दी जायेगी।**

भवदीय

(डी0के0 श्रीवास्तव)
कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर।
2 समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर।
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर।
3 समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आषय से प्रेशित कि उक्त सूचना विष्वविद्यालय की वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालयों की लॉगइन में प्रदर्षित कराने का कश्ट करें।
4 प्रभारी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5 वैय0 सहायक कुलसचिव।

कुलसचिव

1 All College – pg 187